हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 10 डिग्री

11 मिलेट्स केवल भोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और ...

12 पुलिस जवानों ने कम वेतन में बचत और निवेश करने ...




## खबर संक्षेप

### कोलियारी में सत्संग समारोह आज से

**अंवरी।** सदगुरु कबीर विराजमान मुटाना आश्रम एवं श्री कबीर मंदिर आश्रम ग्राम कोलियारी के तत्वावधान में 6 एवं 7 जनवरी को दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है।

### अमाली में मड़ई आज

**नगरी।** ग्राम अमाली में आज मेला मड़ई का आयोजन होगा। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम स्वरमाला कुसुमटोला जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष धनसिंग साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल देवांगन, बाल मंडली अध्यक्ष रज्जूराम ध्रुव, सचिव शत्रुघनलाल ध्रुव, युवा शक्ति अध्यक्ष हरीश साहू, सचिव नागेन्द्र ध्रुव एवं आशीष नाग जुटे हैं।

### रावनगुड़ा में सत्संग 10 से

**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 10 तथा 11 जनवरी को किया गया है। इस अवसर पर सुश्री साध्वी चंद्रकला साहेब द्वारा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवचन दिया जाएगा। उत्तम साहू, मनहरण साहू, डॉ. प्यारेलाल, महेश राम, झुमुकलाल, परमानंद, सालिकराम, स्वरूप, त्रिलोचन, गुलाब, मिथिलेश, सुरेश, घनश्याम सिंह साहू शिक्षक ने सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### भोयना में 13 को पारंपरिक मड़ई

**धमतरी।** ग्राम भोयना में पारंपरिक मड़ई मेला का आयोजन 13 जनवरी को किया गया है। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। विशेष आकर्षण के रूप में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित भुइयां के श्रृंगार लोक नृत्य की भव्य प्रस्तुति होगी।

### कानीडबरी मड़ई आज

**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम कानीडबरी (लक्ष्मीपुर) में ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 6 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम क्यूटाकसा मानपुर मोहला राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

### डांडेसरा में मड़ई 19 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** नव युवा संगठन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम डांडेसरा में 19 जनवरी सोमवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय सूर्या छत्तीसगढ़ी लोक कलामंच नाच पार्टी रानीदहरा जिला कबीरधाम का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष छेदन नगारची, टेकराम यादव, रोशन ध्रुव, देवकुमार दीवान एवं जितेन्द्र कंवर जुटे हुए हैं।

### चिटौद में मानसगान सम्मेलन 9 से

**पुरूर(धमतरी)।** जय श्रीराम मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चिटौद में 9 से 11 जनवरी तक मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन का शुभारंभ विजय पंजाबी के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अध्यक्ष संदीप अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच तीरथ यादव, उपसरपंच रमेश नेताम, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिन्हा, अधिवक्ता सुरेन्द्र तिवारी, आरडी सोरी, दिनेश पाठक होंगे। आयोजन समिति के लोकेश साहू ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश की 14 ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। उद्घोषक शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा, गजेंद्र कुलदीप एवं लोकेश साहू होंगे।

अब तक 42 हजार 987 किसानों ने छोड़ा 1265 हेक्टेयर रकबा

# खरीदी में गड़बड़ी रोकने किसानों से करवाया जा रहा रकबा समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए बड़ी संख्या में किसानों से रकबा सरेंडर करवाया जा रहा है। अब तक 43 हजार किसान 1265.30 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। इस जमीन पर अब किसान धान नहीं बेच पाएंगे। यही नहीं समर्पण के बाद धान कोचिया या समिति कर्मचारी भी इस जमीन पर धान नहीं बेच पाएंगे।

हर साल धान खरीदी में जमकर गड़बड़ी की जाती थी। इस गड़बड़ी को रोकने के लिए शासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी में एक रकबा समर्पण की प्रक्रिया है। इस साल शासन प्रशासन द्वारा रकबा समर्पण पर जोर दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार किसानों से धान खरीदी 40 किग्रा के बारदानों में की जाती है। कई बार किसानों के खाते में 40 किग्रा से कम धान बचता है। इस धान को किसान नहीं बेच पाता। खरीदी केंद्रों में थोड़ा थोड़ा करके धान की यह मात्रा काफी अधिक हो जाती है। इसमें गड़बड़ी की आशंका रहती है। खरीदी केंद्रों में सेटिंग करके कोचिया या अन्य लोग इसमें धान खपाने के जुगाड़ में रहते हैं। गड़बड़ी की इस गुंजाइश को देखते हुए शासन द्वारा रकबा समर्पण पर जोर दिया जा रहा है। अब तक 42 हजार 987 किसानों से 1 हजार 65.30 हेक्टेयर रकबा समर्पण करवाया गया है।



### खरीदी ने पकड़ी रफ्तार, परिवहन सुस्त

लिमिट बढ़ने के बाद अब जिले में खरीदी की रफ्तार बढ़ गई है। पहले रोजाना 1 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो रही थी। अब 1 लाख 50 हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी हो रही है। उधर धान के परिवहन की रफ्तार नहीं बढ़ पाई है। अब तक 39 लाख 59 हजार 398 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि उठाव मात्र 12 लाख 39 हजार 304 क्विंटल धान का ही हो पाया है।

### किसान कर रहे गड़बड़ी

कई किसान धान खरीदी के लिए पंजीयन तो करवा लेते हैं, लेकिन कई समस्याओं के चलते वे धान नहीं बेच पाते हैं। ऐसे में कई लोग किसानों से सेटिंग कर उनके खाते में अपना धान बेचने के लिए तैयार रहते हैं। इन किसानों को पहले ही समझाइश देकर उनका रकबा समर्पण करवाया जा रहा है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में किसान गड़बड़ी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कई किसानों के पास खरीदी केंद्रों में बेचने के लिए पूरा का पूरा धान उपलब्ध नहीं है। वे दूसरे किसानों से 2500 रुपए में धान लेकर समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं।

# ग्रामीणों ने पकड़े रेत से भरे ट्रैक्टर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

■ महानदी के किनारे अधिकांश गांवों में धड़ल्ले से हो रहा रेत का उत्खनन और परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर है, लेकिन खनिज विभाग की नजर नहीं पड़ रही है। हालांकि अवैध परिवहन करते हुए कुछ ट्रैक्टरों पर जरूर कार्रवाई की गई है। इसमें भी अछोटा के ग्रामीणों ने इन ट्रैक्टरों को पकड़ा है।

जिले में रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है। अछोटा, कोलियारी, अमेठी, कलारतराई, परसुली, दर्री सहित महानदी के किनारे स्थित अधिकांश गांवों में रेत का अवैध ढंग से उत्खनन और परिवहन हो रहा है। इस खबर को मीडिया लगातार प्रकाशित कर रहा है, लेकिन अवैध उत्खनन रोकने कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। अवैध उत्खनन से परेशान अछोटा के ग्रामीणों ने इस गोरखधंधे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अछोटा में महानदी पुल के नीचे लंबे समय से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। सोमवार को सरपंच, पंच व ग्राम समिति के सदस्य वहां पहुंचे और अवैध रूप से उत्खनन कर रहे ट्रैक्टरों को पकड़ा। सूचना पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की। पकड़े गए ट्रैक्टर गांव के बाहर के थे, जो पीएम आवास में आपूर्ति करने के नाम पर नदी से अवैध उत्खनन कर रहे थे। ट्रैक्टरों को पकड़ने वालों में सरपंच संतोषी ढीमर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खिलेश सेन, ग्रामीण अध्यक्ष जितेंद्र देवांगन, गैंदलाल निषाद, धनुष साहू, योगेश देवांगन, सोमन निर्मलकर आदि शामिल थे। खनिज विभाग ने जप्त वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बैरंग लौटी टीम

रेत के अवैध उत्खनन रोकने में विफल खनिज विभाग की टीम को मुरूम के अवैध उत्खनन का इनपुट मिला था। इस आधार पर खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल ने कलारतराई में छापामार कार्रवाई की। इस टीम को वहां पर मुरुम का न तो अवैध उत्खनन मिला और न ही परिवहन। अंत में खनिज विभाग की टीम बैरंग लौट आई।

# बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल देने पर प्रतिबंध लगाने की मांग

■ बढ़ते सड़क हादसों पर चिंतित सेवा संस्थाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



वरदान परमार्थ एवं छग महतारी सेवा संस्था ने बढ़ते सड़क हादसों को लेकर बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने की मांग कलेक्टर से की है। वरदान परमार्थ सेवा संस्था के प्रमुख शिवा प्रधान एवं छग महतारी सेवा संस्था की अध्यक्ष मोहनी साहू, भारती साहू, मंजू टेमरे, भारती सोनी ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि वर्तमान में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हादसों में गंभीर चोट तथा मृत्यु भी हो रही है जिसका प्रमुख कारण दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करना है।

सेवा संस्थाओं का कहना है कि जिले के पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने का नियम सख्ती से लागू कराया जाए। इससे आम नागरिक हेलमेट पहनने के लिए बाध्य होंगे और इससे सड़क दुर्घटनाओं को निश्चित रूप से कमी आएगी।

# महिला सुरक्षा दल ने शराब माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की अनुमति मांगी

■ सलोनी को नशामुक्त ग्राम बनाने प्रशासन से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम सलोनी की महिला सुरक्षा दल ने शराब माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी करने की अनुमति की मांग एसपी तथा कलेक्टर से की है। सोमवार को कलेक्टर दरबार पहुंचे ग्राम सलोनी थाना केरेगांव की महिला सुरक्षा दल ने आवेदन में कहा है कि सलोनी के ग्रामीणों ने गांव में शराबबंदी के लिए संकल्प लिया है जिसके तहत ग्रामीण महिलाएं महिला ग्राम सुरक्षा दल का गठन कर नशामुक्त ग्राम अभियान चला रही हैं। इसके बावजूद कुछ अवैध शराब माफिया चोरी छिपे गांव एवं आसपास क्षेत्र में शराब बेच रहे हैं। इससे गांव की शांति व्यवस्था भंग हो रही है।

महिला ग्राम सुरक्षा दल ने कहा है कि ग्राम सलोनी में चिन्हित अवैध शराब विक्रेताओं एवं माफियाओं के घरों एवं ठिकानों पर सुरक्षा दल को कानून एवं सुरक्षा के दायरे में रखते हुए छापेमारी की अनुमति प्रदान करे। इससे गांव को नशामुक्त, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाने में सहायता मिलेगी। ग्रामवासी अपने संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ा सकेंगे।

छापेमारी की अनुमति मांगने कलेक्टोरेट पहुंची महिला सुरक्षा दल में प्रेमलता ठाकुर, गणेशिया, पुनिया, पूर्णिमा, मानबाई, रेखा, सीमा, देवबती, प्रमिला, शांता, इंदू, सुनीति, शकुन, देवकुमारी, कुंती, कुमारी, जामुन, रीना, दिलेश्वरी, चुम्मन नेताम शामिल थीं।

# तालाब की पचरी में बैठे युवक पर जानलेवा हमला



इलाज के लिए रायपुर रिफर हमलावर की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

नगरी क्षेत्र के ग्राम सांकरा में एक बड़ी वारदात हुई है। 4 फरवरी की शाम को माता तालाब की पचरी में बैठे युवक पर अज्ञात हमलावर ने हमला कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार धनेश्वर जोगी पिता सहदेव जोगी ग्राम सांकरा निवासी उम्र लगभग 38 तालाब की पचरी पर अकेला बैठा हुआ था तभी अज्ञात हमलावर ने उसके सिर के पीछे किसी चीज से प्राणघातक हमला कर दिया। घायल युवक धनेश्वर जोशी को परिजनों ने तत्काल नगरी अस्पताल लाया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। युवक की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे रात में ही रायपुर रिफर कर दिया गया। पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

## पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ साहू समाज में आक्रोश

■ उपमुख्यमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर राज्यस्तरीय प्रदर्शन की चेतावनी

**धमतरी।** जिला साहू संघ ने उपमुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कार्रवाई की मांग एसपी से की है। जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष गणेशराम साहू, दयाराम साहू, निर्मला साहू, दुर्गा साहू, दिनेश्वरी साहू, खिलावन, कामता प्रसाद, विजय साहू, लेखराम साहू आदि ने एसपी को लिखे आवेदन में कहा है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भाषण में गलत उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री अरूण साव के खिलाफ अमर्यादित अभद्र टिप्पणी की है, जिससे प्रतीत होता है कि वे साहू समाज के खिलाफ कुंठा पालकर रखे हुए हैं जिसके कारण निंदनीय भाषा का उपयोग कर रहे हैं। इसका साहू समाज पुरजोर विरोध करता है। इस घटना से पूरा साहू समाज आहत है। साहू समाज ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 10 दिनों के अंदर माफी नहीं मांगने पर साहू समाज राज्यस्तरीय प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

# शहर को मिलेगी आधुनिक पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



1770 लाख की लागत से बनेगा हाईटेक बस टर्मिनल

शहर के विकास की दिशा में एक बड़ी और निर्णायक पहल होने जा रही है। नगरोत्थान योजना अंतर्गत शहर को जल्द ही अत्याधुनिक हाईटेक बस स्टैंड की सौगात मिलने वाली है। शासन ने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के लिए 1770.04 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है, वहीं लगभग 1767.91 लाख रुपये की निविदा राशि भी मंजूर हो चुकी है। स्वीकृति के साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की तैयारी है।

यह हाईटेक बस स्टैंड ग्राम अर्जुनी स्थित खसरा नंबर 35 में लगभग 2.01 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया जाएगा। इसके निर्माण से धमतरी को एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन केंद्र के रूप में नई पहचान मिलेगी। शहर में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी।

परियोजना के तहत एक भव्य आधुनिक टर्मिनल भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसमें भूतल, प्रथम तल और टेरेस फ्लोर शामिल होंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए एलईडी ग्लो मैट्रिक्स डिस्प्ले बोर्ड, विशाल प्रतीक्षालय, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और आकर्षक भवन संरचना विकसित की जाएगी। बस स्टैंड परिसर में सीमेंट कांक्रीट सड़क, सुव्यवस्थित पार्किंग, बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक, हरित लैंडस्केपिंग और आरसीसी ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण प्रस्तावित है।

सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए हाईमास्ट लाइट, बाह्य विद्युतीकरण, ट्रांसफार्मर और रोड मार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों की दैनिक जरूरतों के लिए परिसर में दुकानें, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सेप्टिक टैंक और अन्य आधारभूत संरचनाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

महापौर रामू रोहरा ने इसे धमतरी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि हाईटेक बस स्टैंड शहर की वर्षों पुरानी मांग थी। इसके निर्माण से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि धमतरी का शहरी स्वरूप भी आधुनिक और व्यवस्थित बनेगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि यह परियोजना जिले के शहरी विकास में मील का पत्थर साबित होगी और इसे गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरा कराया जाएगा।

यातायात पुलिस ने कृषि उपज मंडी श्यामतराई में लगाया नेत्र परीक्षण शिविर

# वाहन चालकों के आंखों की हुई जांच, आवश्यक परामर्श भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चलते यातायात पुलिस द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर वाहन चालकों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।

जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है जिसके तहत यातायात पुलिस जागरूकता व नशामुक्ति संबंधित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा बीते दिनों हेलमेट जागरूकता रैली के साथ स्कूली बच्चों व स्काउट गाइड के छात्रों ने पैदल रैली निकाल यातायात नियमों का पालन व नशा उन्मूलन का संदेश दिया। इसी श्रृंखला में एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा कृषि उपज मंडी श्यामतराई में वाहन चालकों के लिये निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 108 वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई। नेत्र विशेषज्ञों ने चालकों की दृष्टि क्षमता एवं अन्य नेत्र संबंधी जांच की। इसके साथ ही वाहन चालकों को आवश्यक परमार्श भी प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य दृष्टि संबंधी कमियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकना तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग को प्रोत्साहित करना है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा लगातार एक माह तक पूरे जिले में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं यातायता जागरूकता रथ द्वारा केरेगांव बाजार में पाम्पलेट वितरण कर आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा में सहभागी बनने की अपील की है।

# मेघा मड़ई में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



रविवार को मेघा मड़ई के दौरान एक व्यक्ति को आरीनुमा चाकू के साथ मगरलोड पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसआई दक्ष कुमार साहू अपनी टीम के साथ मेघा मड़ई भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान एक युवक अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर लहराते हुए लोगों को डराते धमकते हुए मिला। उसे गिरफ्तार किया गया। पूछने पर अपना नाम वेदप्रकाश विभार पिता नरेश विभार उम्र 19 साल ग्राम मेघा बताया। उसे चाकू रखने के संबंध में दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया लेकिन वह पेश नहीं कर सका। आरोपी के कब्जे से चाकू 10.7 इंच एक तरफ धार एवं दूसरी तरफ आरीनुमा बरामद किया गया। आरोपी को 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### अरौद में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू

**मगरलोड।** ग्राम अरौद में स्व. बंशीलाल साहू की स्मृति में 4 से 11 जनवरी तक श्रीमद् भागवत



महापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस कलशयात्रा, देव स्थापना, 5 जनवरी को वराह अवतार, 6 जनवरी को कपिल अवतार , 7 जनवरी को नृसिंह अवतार, 8 जनवरी को वामन अवतार, श्रीराम, श्रीकृष्ण अवतार, 9 जनवरी को बाल लीला , छप्पन भोग, 10 जनवरी को रूक्मणि विवाह, सुदामा चरित्र, 11 जनवरी को परीक्षित मोक्ष शोभा यात्रा तथा अंतिम दिवस 12 जनवरी सोमवार को श्रीमद् भागवत गीता, तुलसी विवाह, हवन, यज्ञ, स्नान विसर्जन किया जाएगा। भागवत कथा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। कथावाचक पंडित कृष्णा मिश्रा होंगे। पूरनलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू ने भागवत प्रेमियों से कथा का लाभ लेने की अपील की है।

### अभा अंतर विवि कुश्ती में हर्ष का चयन

**कुरूद।** 5 से 9 जनवरी तक चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता में कुरूद महाविद्यालय के खिलाड़ी हर्ष चन्द्रवंशी बीपीएड तृतीय सेमेस्टर



का चयन हुआ है। वे कुरूद महाविद्यालय के साथ- साथ पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ी के चयन पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणि श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ.ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शिबा वंजारी, डॉ. तरूण पटेल, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, डॉ. विक्रम सिंह, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नीलकंठ, एचआर उईके, वायआर उईके समेत स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### छाती में कबीर सत्संग समारोह 10 से

**पुरी।** ग्राम छाती में ज्ञान यज्ञ कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इस आयोजन में संत गुरुभूषण साहेब सूरत गुजरात, पवन साहेब दर्रा, संत अनुकरण साहेब, कबीर जागू आश्रम सेनचुवा शामिल होंगे। यह जानकारी अमी साहू, भूषणलाल साहू, राजेंद्र दास साहू, हेमंत सेन ने दी।

## निधन

### बंशी राव भोंसले

**धमतरी।** मराठापारा निवासी बंशीराव भोंसले उम्र 93 वर्ष का 4



जनवरी को स्वर्गवास हो गया। वे हरीश, संजय, रजनीश भोंसले के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### दाऊलाल पटेल

**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी दाऊलाल पटेल का आकस्मिक निधन 4 जनवरी रविवार को हो



गया। वे मिलंतीन पटेल के पति एवं मनीराम, कुलेश्वर पटेल के पिताजी व पूर्व सरपंच नीरामणि पटेल की ससुर थे। उनके निधन पर त्रिलोचन, कोमल, जागेश्वरी, धनेश्वरी, ममता, युवरानी, वंदना, आंशिका, कल्याण, तरुण, धनीराम, हेमंत, धर्मेंद्र, प्रभुदयाल, पूर्णानंद, ताम्रध्वज, पुष्पम, अशोक समेत अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है। मृतक की शवयात्रा में गणमान्य नागरिक व ग्रामवासी शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

गातापार (कोर्रा) में आयोजित लोककला महोत्सव के समापन पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

# ऑनलाइन-ऑफलाइन सिस्टम में अव्यवस्था, किसान परेशान : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



धान की कीमत, लिमिट और केंद्र बढ़ाने के बावजूद आज किसान टोकन, भुगतान और उपज बिक्री के लिए सोसायटियों में भटक रहे हैं फिर भी वे किसानों की समस्या सुनने तैयार नहीं है। डबल इंजन वाली भाजपा सरकार किसानों को एक बोरी डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं करा सकती। इससे धरतीपुत्र परेशान हैं। उक्त बातें प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने विष्णुदेव साय सरकार पर हमला करते हुए कही।

रविवार को कुरूद ब्लॉक के ग्राम गातापार (कोर्रा) में आयोजित तीन दिवसीय लोक कला महोत्सव के समापन अवसर पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, जयंती और तीज त्योहारों को संरक्षित कर उसे संजोने का काम किया। सरकारी अवकाश भी घोषित किया लेकिन भाजपा की सरकार आते ही यह सब फिर भूल गई। ऐसे समय में इस गांव के युवाओं ने लोक कला महोत्सव का आयोजन कर हमारी संस्कृक्ति, परंपरा, कला को जिंदा रखा है।

पूर्व सीएम श्री बघेल ने विष्णुदेव साय सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मेहनतकश व उन्नतशील किसानों की समस्याओं को सुनने आज सरकार तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन चीज़ों को उनकी सरकार ने आसान कर दिया था, लेकिन आज फिर भाजपा सरकार में किसानों को परेशानियों, तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। विष्णुदेव साय की सरकार बनने ही किसानों को टोकन, बिक्री और भुगतान के लिए भटकना पड़ रहा है। किसानों को 1300 की डीएपी को 2000 और 300 की यूरिया को 700 में खरीदना पड़ा।

भूपेश बघेल ने कहा कि आज धान खरीदी में 31 सौ जो मिल रहा है, वह कांग्रेस सरकार की देन है। अगर उनकी सरकार रहती तो धान की कीमत 4 हजार तक पहुंच जाती। भूपेश ने कहा कि हमने आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल खोले और भाजपा सरकार दारू भट्टी खोल रही है। इससे पूर्व कार्यक्रम को विधायक ओंकार साहू, विधायक अम्बिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, गिरीश देवांगन ने बिजली बिल, धान खरीदी व्यवस्था, छत्तीसगढ़ की संस्कृक्ति परंपरा को लेकर विष्णुदेव साय सरकार पर जमकर निशाना साधा। लोककला महोत्सव में तीन दिनों तक नाचा, गम्मत, जसगीत, मानसगान, रामधुनी, फाग आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर आलोक चंद्राकर, शरद लोहाना, भरत नाहर, गोविंद साहू, शारदा साहू, डॉ राजू साहू, विनोद जैन, धर्मेंद्र कुर्रे, बसंत साहू, सहित आयोजक समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेघा सोसाइटी में 35 हजार क्विंटल धान जाम



- जगह की कमी के कारण कभी भी बंद हो सकती है धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों का धान 15 नवंबर से खरीदा जा रहा है। धान खरीदी के एक माह बाद धान का परिवहन शुरू किया गया। धान का परिवहन धीमी गति से चल रहा है जिसकी वजह से धान खरीदी केंद्र में धान कट्टा का पहाड़ बन गया है। खरीदी केंद्र में जगह का अभाव होने से धान खरीदी बंद होने की संभावना बनी हुई है। धान खरीदी केंद्र सोसाइटी मेघा में 29 दिसंबर की स्थिति में धान मोटा 11744.44, धान पतला 1289.20 धान सरना 30065.80 कुल 43100.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई। मिल को धान मोटा 3800 क्विंटल, पतला 1080, सरना 4920 इस प्रकार 9800 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। 29 दिसंबर तक 33300.40 धान सोसाइटी में जाम है। मेघा सोसाइटी में 102130631.60 रुपए की धान खरीदी की गई तथा 83038329.30 रुपए किसानों को भुगतान हुआ। 19022262.30 रूपये की ऋण वसूली हुई। 967 किसानों से धान खरीदी की गई है। धान खरीदी के बाद परिवहन नहीं होने से समिति प्रबंधक काफी परेशान हैं। परिवहन के अभाव में धान में सूखत आने की संभावना है। अतिशीघ्र धान परिवहन की मांग की है।

## रखरखाव के अभाव में कचरा संग्रहण वाहन हुआ अनुपयोगी

- स्वच्छ भारत अभियान पर लग रहा प्रश्नचिन्ह, वाहन के कई पार्ट्स हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम पंचायत हिरीडीही के मुख्य द्वार के सामने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदत्त कचरा संग्रहण वाहन लंबे समय से अनुपयोगी अवस्था में खड़ा हुआ है। खुले में खड़े रहने के कारण वाहन धूप और बारिश के प्रभाव से पूरी तरह जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। वाहन के उपयोग में न होने से गांव की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं यह स्थिति पंचायत की लापरवाही को भी उजागर करती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह वाहन कई महीनों से पंचायत परिसर के सामने खड़ा है, वाहन के कई समान गायब हो चुके हैं जबकि इसका उपयोग नियमित कचरा संग्रहण के लिए किया जाना था। रखरखाव के अभाव में वाहन आज बेकार पड़ा है, जिससे आसपास गंदगी फैलने की आशंका बनी रहती है और स्वच्छ भारत अभियान की मंशा पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि कचरा संग्रहण वाहन की शीघ्र मरम्मत कर उसे पुनः उपयोग में लाया जाए, अथवा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गांव में स्वच्छता बनी रहे। इस संबंध में जब सरपंच से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने महिला समूह से जानकारी लेने की बात कहते हुए फिलहाल इस विषय पर कोई स्पष्ट जानकारी देने से इंकार किया।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष का प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

## किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने कई योजना संचालित : निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा का प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोशीला स्वागत किया। अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंचीय कार्यक्रम शामिल हुए। सहकारिता विभाग के अधिकारी कर्मचारी व प्राधिकृत अधिकारियों ने अध्यक्ष का गजमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य व कार्यकर्ताओं में कार्य करने की क्षमता आज भी दिख रही है। परिणाम यह है कि हम लगातार अपने विभिन्न दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की सहकारिता का बैंक किसानों का बैंक है। आगे कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह ने मुफ्त ब्याज लोन योजना संचालित की थी। किसानों के बच्चों को पढ़ने की सुविधा मिल रही है। गांव व्यावसायिक रूप से आगे कैसे बढ़े इस दिशा में हमारा एक प्रयास होगा। गांव की महिलाएं जो क्षेत्र में काम करना चाहतीं है, प्रयास रहेगा कि महिलाओं को वह मार्केट मिले। किसान अपने व्यवसाय को समृद्ध करना चाहते है तो उसके लिए कई योजना है। हमारे कर्मचारी स्थानीय हैं। आपको मदद करेंगे। रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार और सारंगढ़ ने वक्ताओं ने बताया कि जिला सहकारी बैंक विश्व का सबसे बड़ा बैंक है। बैंक में एटीएम की भी सुविधा है। कृषि के लिए दवाई सेंटर भी खुला हुआ है। यह बैंक किसानों का है। धमतरी जिला धान उत्पादन के क्षेत्र में अव्वल है। किसानों की तरक्की के लिए केन्द्रीय सहकारिता विभाग व कृषि मंत्री से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।

## महिला समूहों को मिली पैरा मशरूम कटिंग मशीन



**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के कुरूद विकासखंड में जिला राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के संयुक्त प्रयास से कुरूद विकासखंड के ग्राम सरबदा एवं मगरलोड के भेंन्ड्री ग्राम की महिला स्व-सहायता समूहों को पैरा मशरूम कटिंग मशीन प्रदान की गई। महिलाओं को मशीन के उपयोग, रख-रखाव और सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर डेमोन्स्ट्रेशन भी दिया गया, ताकि वे पैरा मशरूम उत्पादन में गुणवत्ता बढ़ाकर अधिक आय अर्जित कर सकें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (अजीविका) अनुराग मिश्रा ने बताया कि एनआईएफ के सहयोग से जिले में जमीनी स्तर के तकनीकी नवाचारों और पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा दिया जा रहा है। विभिन्न समूहों को आजीविका से जुड़ी नवाचार तकनीकें एवं मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें व्यावसायिक तथा सामाजिक दोनों प्रकार के लाभ मिल सकें।

## फॉर्म सिक्स भरने विशेष शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के निर्देशन में प्रोफेसर नोडल अधिकारी स्वीप डॉ यशोदा साहू द्वारा कैंपस एंबेसडर यामिनी साहू वीरेंद्र एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के सभी सदस्यों के साथ मिलकर महाविद्यालय में फॉर्म सिक्स भरने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला के माध्यम से वोटर हेल्पलाइन एप के विषय में जानकारी प्रदान की गई । डॉ यशोदा साहू ने आगे बताया कि एसआईआर 2026 के तहत 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं सहित 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप 6 में आवेदन प्राप्त किया जाना है। 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप सिक्स में अग्रिम आवेदन भी जमा कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । कार्यशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई की जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है, वह अपना नाम मतदाता सूची में पंजीयन हेतु फॉर्म सिक्स में अग्रिम आवेदन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। डॉ यशोदा साहू ने बताया कि इसके लिए वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग कर सकते हैं साथ ही बीएलओ के पास ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

## कुर्रा में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पर्व



**अंवरी।** अंवरी। ग्राम कुर्रा में छेरछेरा पर्व धूमधाम से मना गया। सुबह से ही बच्चों में उत्साह देखा गया, वहीं धानवी बैस सहित अनेक बच्चों ने छेरछेरा मांग कर पर्व मनाया।

पूर्व सरपंच ने नातिन के जन्मोत्सव पर स्कूली बच्चों को दी दावत

# न्योता भोज में दिया तिल लड्डू, खीर-पूड़ी, बड़ा और जलेबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जोरातराई (सी) के बच्चों को पूर्व सरपंच सविता चोवाराम गंजीर ने अपने नातिन जसिका के जन्मोत्सव पर तिल लड्डू, खीर-पूड़ी, बड़ा और जलेबी परोसकर न्योता भोज कराया। वहीं गांव के ही नोहरलाल साहू ने अपने स्वर्गवासी पुत्र की स्मृति में स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंटकर स्मार्ट क्लास संचालित करने में बड़ी मदद की है।

गौरतलब है कि सरकार ने जब से न्योता भोज कार्यक्रम की शुरुआत की है तब से लेकर आज तक जोरातराई स्कूल से जुड़े जनप्रतिनिधिगण एवं पालकगण सामुदायिक सहभागिता का निर्वहन करते हुए स्कूल के हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में आगे आकर सहयोग कर रहे हैं। इसी तारतम्य में विगत दिनों पूर्व सरपंच श्रीमती गंजीर ने अपने नातिन के जन्मदिन पर न्योता भोज कराकर अपनी खुशियों का इजहार किया। इस दौरान प्रधानपाठक सुदामाराम साहू, चन्द्रशेखर साहू, चोवाराम, पुनारदराम, खिलेश्वर साहू, मीनाक्षी मार्कण्डेय, संगीता भूआर्य, गोकुलेश्वर उपस्थित थे।

### पुत्र की स्मृति में स्कूल को दिया स्मार्ट टीवी



नोहरसिंह साहू ने अपने पुत्र स्व. यशकुमार साहू की पहली बरसी पर 43 इंच का स्मार्ट टीवी भेंटकर स्कूल में स्मार्ट क्लास संचालित करने में बड़ा योगदान दिया है। बता दें कि साल भर पहले नोहर सिंह के पुत्र पिकनिक मनाने बारसूर गये थे जहां वे इंद्रावती नदी की सात धारा में नहाते समय हादसे का शिकार हो गये और भगवान को प्यारे हो गये थे। 29 दिसम्बर को उनकी पहली बरसी थी। इस दौरान उन्होंने स्वमन से स्कूल के लिए कुछ दान देने की योजना बनाकर स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया। इस दौरान उनकी पत्नी रश्मि साहू, पुत्री सिम्मी, अनुभव सोनबेर, ओमप्रकाश साहू एवं परिजन के अलावा जनभागीदारी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पचपेड़ी में हुई रामधुनी फाग गीत प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम पचपेड़ी में इस वर्ष भी 3 एवं 4 जनवरी को दो दिवसीय जस झांकी, रामधुनी फाग गीत एवं नाचा गम्मत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अनेकों मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। ग्रामीणजनों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## खबर संक्षेप

### लघु वनोपज के निर्यात अवसरों पर कार्यक्रम आज



**धमतरी।** जिले के किसानों, उद्यमियों एवं निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी द्वारा एपीडा (एपीईडीए) रायपुर के सहयोग से अनाज, ताजे फल-सब्जियों तथा लघु वनोपज के निर्यात अवसरों पर एक दिवसीय संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन 6 जनवरी को रूद्री रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में होगा। मुख्य वक्ता एपीडा क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के एसोसिएट अशोक बोरा होंगे। अध्यक्षता कलेक्टर अबिनाश मिश्रा करेंगे।

### चारामा वार्ड नौ में हुई रामधुनी



**चारामा।** नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 09 में पार्षद संदीप मेश्राम एवं वार्डवासी के सहयोग से नववर्ष 2026 की शुरुआत रामधुनी से की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। भजन-कीर्तन और राम नाम के स्मरण से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन पार्षद के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे वर्ष सुख-समृद्धि की कामना की।

### अंग्रेजी शराब बरामद पकड़ाया कोचिया

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत हल्बा व आंखीहर्रा चौक के पास शराब कोचिए के कब्जे से अवैध रूप से रखे अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी डब्बीपानी निवासी सगराम सलाम पिता पुसऊराम के कब्जे से 6 नग बियर कीमत 1200 रूपएं एवं 12 पौवा अंग्रेजी शराब कीमत 1 हजार 440 रूपएं कुल 2 हजार 640 रूपएं की शराब को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महिला की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत नाग जीवदण्ड निवासी 50 वर्षीय धनाय बाई सलाम का 4 जनवरी को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। नागरबेड़ा निवासी 55 वर्षीय माहरू राम सलाम ने पुलस को बताया कि मृतक का शव ग्राम एटेगांव से टिमनार जाने वाले रास्ते में पुल के पास मिला। मौत कैसे हुई यह पता नही। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी महिला ने जान

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिलाई निवासी 55 वर्षीय गिरिजा बाई जुर्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भिलाई निवासी 45 वर्षीय सहदेव जुर्री पिता नरसिंह जुर्री ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अपने घर में 4 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत उच्चापानी निवासी 70 वर्षीय बसनीन बाई का पानी में डूबने से 4 जनवरी को मौत हो गया। उच्चापानी निवासी निवासी रमेश कुमार हुपेण्डी ने पुलिस को बताया कि मृतिक पानी में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सेनानी पातर हल्बा की पुण्यतिथि 9 को मनाएंगे

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम भेलवापानी में पातर हल्बा की पुण्यतिथि की तैयारी कों लेकर सर्व समाज, अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज एवं केंद्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला कांकेर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से आयोजन स्थल सोनादई तय किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुखदेव पातर की 64 वीं पुण्यतिथि 09 जनवरी कों मनाया जाएगा।

---

मिलेट्स मैन के नाम से विख्यात पद्मश्री डॉ. खादर वल्ली ने बताए श्रीअन्न के लाभ

# मिलेट्स केवल भोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन व आत्मनिर्भर खेती का आधार है

- जिले में पहली बार आयोजित हुआ मिलेट्स महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जिले में मिलेट्स (श्रीअन्न) की खेती को जनआंदोलन का स्वरूप देने, किसानों की आय बढ़ाने तथा आमजन को पोषणयुक्त आहार की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पहली बार मिलेट्स महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की विशेष पहल पर हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देशभर में मिलेट्स मैन के नाम से विख्यात पद्मश्री डॉ. खादर वल्ली रहे। उन्होंने किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मिलेट्स केवल भोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और आत्मनिर्भर खेती का आधार है। डॉ. खादर वल्ली ने किसानों को सीधे खेती से जोड़ते हुए बताया कि मिलेट्स की फसल- कम पानी, कम लागत और कम रासायनिक खाद में तैयार होती है। सूखा, बाढ़ और जलवायु परिवर्तन जैसी परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देती है। पारंपरिक धान की तुलना में जोखिम कम और मुनाफा अधिक देती है। उन्होंने बताया कि कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा जैसे श्री अन्न में फाइबर, आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन एवं सूक्ष्म पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग और पाचन संबंधी समस्याओं में अत्यंत लाभकारी हैं।

डॉ. वल्ली ने किसानों से आह्वान किया कि वे रासायनिक खेती से हटकर प्राकृतिक एवं जैविक तरीके से मिलेट्स उत्पादन अपनाएं। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मिलेट्स आज केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि रोजगार, स्टार्टअप और महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम बन चुका है। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि मिलेट्स की खेती छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी, टिकाऊ और सुरक्षित विकल्प है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों की आमदनी में स्थायी वृद्धि होगी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले में मिलेट्स को कृषि नवाचार का केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को बीज, प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, उत्पादित मिलेट्स की खरीदी एवं विपणन हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जा रही है, स्व-सहायता समूहों को मिलेट्स आधारित मूल्य संवर्धित उत्पाद (आटा, लड्डू, कुकी, स्नैक्स) से जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसानों को मिलेट्स के उन्नत बीज वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में जिले में उत्पादित विभिन्न मिलेट्स एवं उनसे बने पोषक, स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर स्वाद लिया समापन अवसर पर जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की ओर से पद्मश्री डॉ. खादर वल्ली को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू, एसडीओ मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी एवं जिले के प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

---

## गिरौद की शिक्षिका ने छात्रों को बांटे गुल्लक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय माध्यमिक शाला गिरौद की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती गीता साहू ने 1 जनवरी को अपने जन्मदिन एवं नववर्ष के अवसर पर कक्षा 1 से 8 तक के 131 बच्चों, शिक्षकों एवं रसोइया को गुल्लक प्रदान किया। शिक्षिका ने बताया कि इससे बच्चों मे बचत की भावना आएगी। बच्चे अनावश्यक खर्च के प्रति हतोत्साहित होंगे एवं भविष्य मे सकारात्मक खर्च हेतु बचत करना सीखेंगे। अपने पास रखे हुए पैसों को बच्चों ने तुरंत ही गुल्लक में डाल दिया और प्रतिदिन इसी तरह बचत करने का वादा भी किया।

साथ ही बच्चों को न्योता भोजन के रूप मे बड़ा और भजिया प्रदान किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य वीके टंडन, संकुल समन्वयक कुलेश्वर साहू, संस्था प्रमुख श्याम लाल साहू, प्रधानपाठक चंद्रशेखर सेन, गीता साहू, हरेंद्र साहू, बलीराम दीवान, माखनलाल साहू, कामताराम साहू, कमलनारायण निषाद, हर्षा साहू एवं मीरा निषाद उपस्थित रहीं।

## जालमपुर में शेड निर्माण का भूमिपूजन और सामुदायिक भवन का लोकार्पण



- अपनी मेहनत, संस्कार व सेवाभाव के लिए जाना जाता है मरार समाज : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जालमपुर वार्ड में मरार पटेल समाज द्वारा शाकम्भरी जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण का भूमिपूजन तथा 7 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण समाज की मातृशक्तियों द्वारा निकाली गई कलश यात्रा रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने कहा कि मरार समाज छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों में बड़ी संख्या में निवास करता है और अपनी मेहनत, संस्कार व सेवा भाव के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मरार समाज शाक-सब्जी उत्पादन के माध्यम से न केवल शाकाहार को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने मरार पटेल समाज को शेड निर्माण की सौगात दी गई है, जो समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी धमतरी नगर के समग्र विकास के लिए लगातार नए कार्य किए जाते रहेंगे। इस दौरान बिशेसर पटेल संरक्षक, धमतरी राज, महेश रोहरा सर्व समाज जिला अध्यक्ष, सगून पटेल अध्यक्ष धमतरीराज, संजय डागौर, भूषण पटेल अध्यक्ष धमतरी नगर, दिलीप पटेल, नील पटेल, ऋषभ ठाकुर नेता प्रतिपक्ष आमदी, बबला पटेल, देवेन्द्र पटेल, चन्द्रकला पटेल, पारसमणि साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## दर्रा में पं. अमित सरस 9 से सुनाएंगे कथा



**धमतरी।** गुरूर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दर्रा (खर्रा) में श्री राधा कृष्ण महिला समिति व ग्रामवासियों के सहयोग 9 से 17 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। कथावाचक जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के शिष्य पं अमित सरस भारती झा ओंकारेश्वर शिव मंदिर पलारी होंगे। ग्रामीण मुकेश साहू ने बताया कि प्रथम दिवस शाम 4 बजे से कलश यात्रा, वेदी पूजन स्थापना, गोकर्ण उपाख्यान होगा , द्वितीय दिवस श्रीमद्भागवत रचना, सुकदेव जन्म, परीक्षित जन्म,तृतीय दिवस वराह अवतार, कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, चतुर्थ दिवस भरत चरित्र, प्रह्लाद चरित्र , समुद्र मंथन, पंचम दिवस श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म उत्सव, षष्ठम दिवस श्री कृष्ण बाल लीला, प्रेम लीला, सप्तम दिवस गोवर्धन लीला, कंस वध, रूक्मणि मंगल चरित्र, अष्टम दिवस सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोतरी शोभायात्रा, नवम दिवस गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, हवन पूजन, कपिला तर्पण होगा। कथा सुबह 10 बजे से 1 तक एवं 2.30 से 5.30 तक होगी।

## विजयी मशाल रथ का नगर में हुआ भव्य स्वागत



- रायपुर-बिलासपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत निकले विजयी मशाल रथ का धमतरी आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन रायपुर एवं बिलासपुर में प्रस्तावित है, जिसमें 7 विभिन्न खेलों में छत्तीसगढ़ के ट्राइबल महिला एवं पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

विजयी मशाल रथ रायपुर से प्रारंभ होकर प्रदेश के सभी जिलों में भ्रमण करते हुए पुनः रायपुर पहुंचेगा। धमतरी आगमन पर बस स्टैंड में लक्ष्मण साहू (पहलवान) प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ एवं जिलाध्यक्ष क्रीड़ा भारती धमतरी, कोच टिक्की निर्मलकर जिला सह मंत्री क्रीड़ा भारती धमतरी एवं सह संचालक स्पोर्ट्स एकेडमी धमतरी तथा नागरिकों द्वारा रथ का स्वागत किया गया। अंबेडकर चौक में आकाश सिन्हा छग एक्सपायर एकेडमी एवं विद्यार्थियों ने स्वागत किया। गोकुलपुर वार्ड में विजय यादव सचिव जिला कुश्ती संघ धमतरी एवं अध्यक्ष बजरंग अखाड़ा, एलके साहू संचालक फ्रीडम एकेडमी एवं खिलाड़ियों द्वारा अभिनंदन किया गया। गंगरेल मिनी गोवा पहुंचने पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसडीएम पीयूष तिवारी, माय भारत से भूपेंद्र मानिकपुरी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी से कैलाश ध्रुव सहित सैकड़ों पर्यटक उपस्थित रहे।

## चरमुड़िया में शाकंभरी जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

रेलवे स्टेशन शंकर नगर चरमुड़िया में कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा माता शाकंभरी की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने पूजा-पाठ कर माता से अच्छी फसल तथा परिवार की सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष गैंदालाल पटेल, खेमलाल पटेल, दुयाल पटेल, संजू पटेल, शेषनारायण पटेल, रिखी पटेल, शंकर पटेल, कुमार पटेल, ईश्वर पटेल, विष्णु पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, चुम्मन पटेल, देवकरण पटेल, भारत पटेल, नितेश पटेल, सेवक पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सार्थक ग्रीन ने जिला जेल परिसर में गुलमोहर के पौधे रोपे



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सार्थक ग्रीन धमतरी द्वारा जिला जेल परिसर में पर्यावरण संरक्षण और स्मृति को जोड़ते हुए गुलमोहर के चार पौधों का रोपण ट्री गार्ड सहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य जन्मदिन, पुण्यतिथि एवं स्मृति अवसरों को प्रकृति संवर्धन से जोड़ना है।

भिलाई निवासी स्व. गुलाबचंद लोढ़ा जैन की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके परिजनों के सौजन्य से एक पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सरिता दोशी, गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल सहित जेल अधीक्षक नरेंद्र कुमार डहरिया एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। वहीं रायपुर निवासी सौरभ एवं नूपुर झाबक ने अपनी पुत्री दिविशा के पांचवें जन्मदिन पर पौधारोपण कराया, जिसे जेल परिवार की महिला सदस्यों ने सामूहिक रूप से लगाया। इसी क्रम में अंशुल एवं प्रीति लूनिया ने अपने पुत्र मानविक के जन्मदिन पर पौधारोपण कराया, जिसमें जेल अधिकारियों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सार्थक ग्रीन धमतरी की संयोजक डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि गर्मी में जेल परिसर में आने वाले लोगों को छाया की आवश्यकता रहती है, ऐसे में ये वृक्ष भविष्य में राहत देंगे। जेल अधीक्षक श्री डहरिया ने इस पहल को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनहितकारी बताया। कार्यक्रम में बच्चों की सक्रिय सहभागिता विशेष आकर्षण रही।

## शरीर को फिट रखने किया जुंबा एक्सरसाइज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फिटलाइफ फिटनेस क्लब धमतरी में जुंबा एक्सरसाइज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर से आए प्रशिक्षकों एवं आंचल गिलानी एंड टीम फिट लाइफ से जिज्ञासा तरार ने जुंबा सेशन कराया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रंजना साहू भी शामिल हुईं। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष मित्तल ने बताया कि क्लब द्वारा धमतरी के युवाओं के लिए निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तथा आगे भी मैराथन एवं योग जैसे आयोजन किए जाएंगे। जुंबा कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर रोटे. अभिषेक अग्रवाल, रोटे. सत्येंद्र शर्मा फ़िटलाइफ़ फिटनेस क्लब के संचालक ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब धमतरी की अध्यक्ष श्रीमती सुधा अग्रवाल के साथ क्लब की सदस्य शामिल हुईं।

## समाज के विकास के लिए शिक्षा संस्कार जरूरी : मोनिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोड़ेगांव बी में पटेल मरार समाज द्वारा अधिष्ठात्री देवी मां शाकंभरी की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन थीं। श्रीमती देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां शाकंभरी सेवा, परोपकार, अन्नदान एवं सामाजिक समरसता की प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता एवं जागरूकता का संचार होता है। समाज के विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और संगठनात्मक मजबूती आवश्यक है। मौके पर पूर्व भाजपा मंडल गंगरेल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, जनपद सदस्य उर्वशी ध्रुव, मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन, सरपंच जितेंद्र सिन्हा, मोंगरागहन सरपंच शैलेश नाग, राधेश्याम पटेल, गयाराम पटेल, अखिलेश पटेल, मनोज पटेल, अलखराम पटेल, राजाराम पटेल, सेवकराम पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## पचपेड़ी विद्यालय में शिक्षक छात्र सम्मेलन 10 को

- सम्मेलन में 1995 से 2025 तक के छात्र शामिल होंगे कार्यक्रम की रूपरेखा हुई तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि पचपेड़ी में 10 जनवरी को आयोजित शिक्षक-छात्र सम्मेलन को लेकर कार्यक्रम की रणनीति तय की गई। सम्मेलन में शामिल होने सैकड़ों पूर्व छात्रों ने अपना पंजीयन कराया है। उल्लेखनीय है कि पचपेड़ी में हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना 1995 से हुई है। इस सम्मेलन में 1995 से 2025 तक के छात्र शामिल होंगे। सम्मेलन में आने वाले पूर्व छात्रों एवं शिक्षकों का शाला परिसर में प्रवेश करते ही पंजीयन काउंटर में सभी की उपस्थिति दर्ज करने के पश्चात छात्रों एवं शिक्षकों का स्वागत किया जाएगा।

मुख्य मंच के सामने छात्रों के बैच अनुसार बैठक व्यवस्था तय की गई है जिसमें पूर्व छात्र अपनी बैच के क्रम में स्थान ग्रहण करेंगे। शिक्षकों एवं अतिथियों की बैठक व्यवस्था मुख्य मंच के बायीं ओर की गई है। सम्मेलन में संस्था के पूर्व शिक्षकों के द्वारा अपना अनुभव साझा किया जाएगा। इसके पश्चात पूर्व छात्र अपने बैच में समूह के साथ आकर अपना अनुभव साझा करेंगे। शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किया जाएगा। पूर्व छात्रों में सम्मेलन प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। बैठक में मुख्य रूप से सरपंच विनय कुमार साहू, गणेश राम गजपाल अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति पचपेड़ी, उपसरपंच राकेश पटेल, भूपेंद्र साहू पंच, प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर सहित संस्था के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण में निजी स्कूल के प्रबंधकों ने सीखे मैनेजमेंट के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण एजेंडा के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लिटल मिलेनियम स्कूल में किया गया। यह कार्यक्रम दो पालियों में हुआ। प्रशिक्षण में मार्गदर्शन

सूर्यकांत सोनवानी आरटीई नोडल अधिकारी एमआईएस अधिकारी एवं राकेश राव घोरपड़े मान्यता प्रभारी द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आरटीई प्रावधान, स्कूल मान्यता, विद्यालय प्रोफाइल अपडेट, छात्र पंजीयन, लॉटरी प्रक्रिया, प्रवेश नियम, परीक्षा संचालन, ड्रॉप-आउट रोकथाम तथा नियामक समितियों के कार्यों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से स्कूल प्रोफाइल अपडेट विषय पर श्री सोनवानी ने उपयोगी मार्गदर्शन दिया। प्रथम पाली में 11 बजे से 2 बजे तक धमतरी एवं नगरी ब्लॉक के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस आयोजन में लिटल मिलेनियम स्कूल के संचालक सौरभ साहेब एवं एवीएम श्रीमती श्रुति मैडम का विशेष योगदान रहा। द्वितीय पाली में 2 बजे से 5 बजे तक कुरूद एवं मगरलोड क्षेत्र के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में जिले के अनेक निजी विद्यालयों के प्राचार्य, तकनीकी शिक्षा (एवीएम) से जुड़े संचालकगण तथा विद्यालय प्रबंधक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मौके पर जिला अध्यक्ष तरुण भांडे, सचिव गजेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष बसंत गजेन्द्र, संरक्षक श्री देशमुख, चेटियार मैडम, श्री मानिकपुरी, शिवराज साहू, विमल मिश्रा, महेन्द्र यादव, पवन साहू, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश नन्नावरे मौजूद थे।

## न्योता भोज में छात्रों ने खाया गाजर का हलवा और पूड़ी

**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी के शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरोज साहू के पुत्र के जन्मदिन पर 1 जनवरी को रखा गया था। गाजर का हलवा और पूड़ी बच्चों को परोसा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सरोज साहू, प्रधानपाठक तृप्ति रानी मांडवी, सूर्यकांत उइके, कीर्ति बारले, बालमुकुंद साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सनौद में एटीएम में तोड़ फोड़, नकदी चोरी में नाकाम हुए चोर

**आमदी(धमतरी)।** गुरूर ब्लॉक के सनौद थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक एटीएम को निशाना बनाते हुए जमकर तोड़फोड़ की है। घटना 3 जनवरी की रात साढ़े 12 से तीन बजे के बीच की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी माया शर्मा ने बताया कि प्रार्थी बसंत कुमार साहू निवासी सुपेला भिलाई की सूचना पर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। घटना सनौद में धमतरी गुण्डरदेही मुख्य मार्ग पर स्थित एक एटीएम में हुई है। आरोपियों की तलाश की जारी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चोरों का उद्देश्य मशीन में रखी नकदी की चोरी करना था, लेकिन वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। घटना के दौरान चोरों ने मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे बैंक प्रबंधन को लगभग 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। तोड़फोड़ के बाद चोर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सनौद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### मोंगरा में प्रज्ञा शिव महापुराण कथा 14 से

**धमतरी।** श्री गौतम ऋषि प्रज्ञा मंडल मोंगरा (कुरुद) के तत्वाधान



में 14 से 18 जनवरी तक पांच दिवसीय प्रज्ञा शिवमहापुराण कथा एवं 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। सुबह 9 से 12 बजे तक विविध संस्कारों के साथ गायत्री महायज्ञ व दोपहर 2 बजे से प्रज्ञा शिवपुराण होगा। कार्यक्रम के एक दिन पूर्व मंगल कलशयात्रा गांव का भ्रमण करेगी। कथावाचक व यज्ञाचार्य युग पुरोहित कौशिक नारायण होंगे। शिवमहापुराण कथा के प्रथम दिवस कथा महात्म्य, द्वितीय दिवस नारद मोह, सती चरित्र, पार्वती जन्म, तृतीय दिवस शिव पार्वती विवाह, गणेश कार्तिकेय प्रसंग, चतुर्थ दिवस असुरों का संहार, तुलसी प्रसंग, विविध अवतार, पंचम दिवस बारह ज्योतिर्लिंग कथा, हवन, पूर्णाहुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में नंदलाल साहू, शीतलकुमार, सुजीत साहू, त्रिलोक, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, चेतनानंद, खूबलाल साहू सहित अनेक ग्रामीण जुटे हैं।

### लापता लड़की की तलाश करने की मांग

**धमतरी।** जिला साहू संघ ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिये आवेदन में कहा कि समाज की लड़की बीते लगभग दो माह 23 अक्टूबर 2025 से लापता है जिसकी सूचना अर्जुनी थाने में परिजनों द्वारा दी गई है लेकिन आज तक पुलिस लापता लड़की की तलाश नहीं कर पाई है जबकि सूचना के अनुसार उक्त लड़की 17.12.2025 को अन्य लड़की के साथ स्कूटी में कुरूद स्थित मीरादातार आई थी। जिला साहू संघ ने एसपी से जल्द से जल्द लापता लड़की की तलाश कर परिजनों को सौंपने का अनुरोध किया है।

- जिला साहू संघ ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिया आवेदन

## एसपी की पहल पर वित्तीय सशक्तिकरण के लिए निवेश एवं बचत पर कार्यशाला

# पुलिस जवानों ने कम वेतन में बचत और निवेश करने का हुनर सीखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कम वेतन में भी बचत और बचत को बेहतर ढंग से निवेश करने के लिए पुलिस जवानों को टिप्स दिए गए। इस निवेश के दम पर पुलिस के जवान भविष्य में अपनी आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। उन्हें किसी प्रकार का लोन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पुलिस कर्मियों के वित्तीय सशक्तिकरण के लिए पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार की पहल पर पुलिस कंट्रोल रूम में निवेश एवं बचत विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सैलरी से थोड़ी-थोड़ी बचत करने के तरीके और इस बचत राशि को निवेश के माध्यम से बेहतर रिटर्न प्राप्त करने, भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं के लिए योजनाबद्ध बचत करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में राज्य सरकार से टाईअप बैंक ऑफ बड़ौदा एवं म्युचुअल फंड विशेषज्ञों की टीम ने सुरक्षित निवेश, एसआईपी एवं म्युचुअल फंड, सरकारी योजनाएं, आयकर नियम, रिटायरमेंट प्लानिंग और बचत के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया।



### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

बैंक ऑफ बड़ौदा की टीम ने पीपीएफ, एनएससी, केवीपी, सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड, मेडिक्लेम व टर्म इंश्योरेंस जैसी सरकारी एवं बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, एसडीओपी कुरुद श्रीमती रागिनी मिश्रा, डीएसपी सुश्री मीना साहू, डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव, दिवाकर प्रसाद सिंह महाप्रबंधक एवं जोनल प्रमुख रायपुर जोन, बनंबर बेहरा एजीएम एवं क्षेत्रीय प्रमुख, धमतरी क्षेत्र, ओंकार नाथ सिंह उप क्षेत्रीय प्रमुख धमतरी क्षेत्र, सूरज गुप्ता क्लस्टर प्रमुख शासकीय व्यवसाय धमतरी क्षेत्र, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

### वित्तीय जीवन में भी अनुशासन जरूरी : एसपी

विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई, विवाह, मकान निर्माण और आपातकालीन परिस्थितियों के लिए नियमित बचत एवं वित्तीय अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने साइबर फ्रॉड और निवेश धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों पर फोकस किया। एसपी श्री परिहार ने कहा कि नए साल में पुलिस जवानों के कल्याण हेतु कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें वित्तीय सुदृढ़ता महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि अनुशासन सिर्फ ड्यूटी तक सीमित नहीं, बल्कि वित्तीय जीवन में भी उतना ही आवश्यक है।

## प्रांतीय अधिवेशन में जिले के 50 से अधिक शिक्षक हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षक संगोष्ठी 3 एवं 4 जनवरी को रायगढ़ में हुई। सम्मेलन के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में शिक्षक संघ के चार पुरुषार्थ राष्ट्र हित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित पर पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री एवं संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिलासपुर प्रदीप शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर नारायण नामदेव, पालक अधिकारी शिक्षा समूह एवं सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों एवं उनके क्रियान्वयन पर शिक्षा महाविद्यालय रायपुर के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. आलोक शर्मा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी।

द्वितीय सत्र में समाज एवं राष्ट्र निर्माण में पंच परिवर्तन और हमारा दायित्व विषय पर पालक अधिकारी छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ एवं सह प्रांत कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ गोपाल यादव ने सुझाव दिए।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में धमतरी जिले से 50 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया, जिनमें जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## गुरुद्वारे में समाजसेवी राजेश ने की अरदास



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरु गोविंदसिंह की जयंती के अवसर पर गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा में धर्मप्रेमी व समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा ने समाज की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए अरदास की।

श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन साहस, त्याग और मानवता की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। गुरुगोविंद सिंह के आदर्श आज भी सेवा, समर्पण और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से गुरु गोविंद सिंह के बताए मार्ग पर चलकर समाज में सद्भाव, एकता और सेवा भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महेंद्र खंडेलवाल, राजेन्द्र शर्मा, पिंटू यादव, कुलेश सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सांसद को बताई क्षेत्र की समस्याएं, निराकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

क्षेत्र के विकास को लेकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महासमुंद सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी से उनके निवास स्थान बसना में मुलाकात की और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मुलाकात के दौरान सड़क, शेड निर्माण, सामाजिक भवन, स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से संबंधित मांगों पर चर्चा की गई। सांसद ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए यथाशीघ्र कार्यवाही एवं संबंधित विभागों से समन्वय का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गंगरेल ऋषभ देवांगन, झुरानवागांव सरपंच फलेंद्र साहू उपस्थित थे।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया हरिभूमि कैलेंडर मगरलोड का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, उपाध्यक्ष अमिनेश कश्यप ने 3 जनवरी को ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन किया। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मगरलोड एवं करेली बड़ी ब्रांच के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि हरिभूमि अखबार से छोटी, बड़ी खबरों की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर राज्य, देश-विदेश का समाचार मिलता है। हरिभूमि की लेखन शैली सहज एवं सरल शब्दों में होने के कारण पाठकों में रूचिकर है।

हरिभूमि अखबार में प्रकाशित होने वाली बाल भूमि, सहेली, अन्य कलर पेज महिला, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी वर्ग के लिए रूचिकर है।

इस अवसर पर जिला कृषि सभापति टीआर कंवर, जिला पंचायत सभापति मीना साहू, भाजपा जिला मंत्री नरेश सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल यदु, जनपद सभापति राजेश साहू, नगर पंचायत पार्षद सुरेश साहू, हरिभूमि संवाददाता सुरेश साहू, तिलोत्मा साहू, दुर्गा साहू, खिलावन साहू, प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी, शत्रुघ्न साहू, जनक साहू, राधे सिन्हा, लालेश्वर सिन्हा, भवानी यादव, श्रवण साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, नीलम साहू, पवन निषाद, ज्ञानदेव साहू, बंटी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नगर निगम की ऐतिहासिक पहल : बुद्धिजीवियों के नाम पर होगा मार्ग, चौक और परिसर

- शहर की स्मृतियों को मिला स्थायी सम्मान
- नारायणलाल, त्रिभुवन पांडे, मुकीम भारती, भगवती सेन के नाम से होगा मार्ग का नामकरण
- नालंदा परिसर हास्य व्यंग्य कवि सुरजीत नवदीप के नाम से जानेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




नगर पालिक निगम ने नगर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी अध्याय जोड़ा है। माननीय रामू रोहरा की अनुशंसा एवं नगर निगम के सभी पार्षदों की सर्वसम्मत स्वीकृति से शहर के प्रमुख मार्गों, चौकों और परिसरों का नामकरण ख्यातिप्राप्त बुद्धिजीवियों के नाम पर किए जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। यह पहल न केवल शहरी पहचान को सुदृढ़ करती है, बल्कि धमतरी की सांस्कृतिक, साहित्यिक और सामाजिक चेतना को भी स्थायी स्वरूप प्रदान करती है।

नगर निगम की सामान्य सभा में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया। इसके अंतर्गत चर्च के पास पुराना ओम शांति भवन मार्ग, पीटर कॉलोनी टिकरापारा को स्वर्गीय नारायण लाल परमार मार्ग, अम्बेडकर चौक के पास सोरिद नगर मार्ग को स्वर्गीय त्रिभुवन पांडे मार्ग, छत्रपति शिवाजी चौक से जगन्नाथ मंदिर तक के मार्ग को स्व. मुकीम भारती मार्ग तथा बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के घर के पास के मार्ग को स्व. भगवती सेन मार्ग नाम दिया गया है। वहीं सिहावा रोड से आईडीबीआई बैंक होते हुए तूफान चौक तक का मार्ग संत बाबा घासीदास मार्ग के नाम से जाना जाएगा।

इसके अतिरिक्त नालंदा परिसर को प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि स्व. सुरजीत नवदीप ग्रंथालय नालंदा तथा चमेली चौक परिसर को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त चौक नाम दिया गया है। इन सभी स्थलों पर नागरिकों की सुविधा हेतु सांकेतिक बोर्ड भी स्थापित किए जाएंगे।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह निर्णय धमतरी की जीवंत सांस्कृतिक परंपरा को आने वाली पीढ़ियों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव, कामिनी कौशिक सहित प्रदेश व जिले के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे नगर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है।

### लीलर में 18 को मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम लीलर में 18 जनवरी रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है।

## ब्राह्मणपारा में 9 से रामकथा पांच पंडित कराएंगे कथा श्रवण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गौ माता राष्ट्रीय माता एवं हिन्दू राष्ट्र के आह्वान को लेकर ब्राह्मणपारा वार्ड में श्रीरामकथा मानस प्रवचन का आयोजन किया गया है। महिला मंच, ब्राह्मण पारा युवा संगठन, मां बम्लेश्वरी दुर्गोत्सव समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से यह आयोजन किया गया है। आयोजकों ने बताया कि 9 जनवरी को विंध्यवासिनी मंदिर से कथा स्थल तक कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह वेदी पूजा के बाद दोपहर 2 बजे कलशयात्रा निकलेगी। इसके बाद सत्संग की महिमा बताई जाएगी। वार्ड के 5 कथावाचक अलग-अलग दिन रामकथा का बखान करेंगे। 15 जनवरी को समापन दिवस पर हवन पूर्णाहुति के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

### पहले दिन संतोष तिवारी सुनाएंगे कथा

10 जनवरी को पंडित संतोष तिवारी रामनाम की महिमा, सती चरित्र, शिव विवाह की कथा सुनाएंगे। 11 जनवरी को पंडित अतुल तिवारी रामजन्म कथा का श्रवण कराएंगे। 12 जनवरी को पंडित गौरव शर्मा श्रीराम विवाह की कथा सुनाएंगे। 13 जनवरी को पंडित आलोक किशोर तिवारी श्रीराम वन गमन, भरत चरित्र की कथा सुनाएंगे। 14 जनवरी को पंडित राजा संतोष तिवारी रामराज्य की स्थापना विषय पर कथा सुनाएंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा।













